# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 494 वर्ष 39

राँची, 31 अगस्त, 2015


## "स्वतंत्रता दिवस समारोह" हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



सीएमडी श्री गोपाल सिंह राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए



सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं माननीय अतिथिगण स्वतंत्रता दिवस पर आकाश में गुब्बारे उडाते हुए

15 अगस्त, 2015 के पावन अवसर पर महात्मा गांधी क्रीड़ांगण, गांधीनगर में सी.सी.एल. के अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री गोपाल सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया तथा उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने सीसीएल सुरक्षा कर्मियों, सीआईएसएफ जवानों, आर्मी बैन्ड के जवानों, गांधीनगर डी.ए.वी. एवं ज्ञानोदय स्कूल के छात्र–छात्राओं की मिली–जुली परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सुरक्षाकर्मियों, परेड में शामिल प्लाटून कमांडर्स, परेड कमांडर को श्री सिंह ने पुरस्कार प्रदान किए। डी.ए.वी., गांधीनगर एवं ज्ञानोदय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

समारोह में निदेशक(वित्त) श्री डी.के. घोष, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रीमी घोष, निदेशक(कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, मुख्य सत्तर्कता पदाधिकारी श्री अरबिन्द प्रसाद, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता प्रसाद, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, अधिकारी, श्रमिक यूनियन के प्रतिनिधिगण एवं सी.सी.एल. कर्मी सपरिवार तथा आम लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। सी.सी.एल. मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 69वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

अवसर विशेष पर शांति एवं प्रगति स्वरूप तीन रंगो वाले गुब्बारे को मुख्य अतिथि, श्री गोपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह, निदेशकगण, सीवीओ तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने आकाश में उड़ाया।

अपने संबोधन में श्री गोपाल सिंह ने कामना कि की हमारे राष्ट्र की प्रगति यात्रा की निरंतरता सतत बनी रहे ताकि हमारे समाज में कोई गरीब न हो, दुःखी न हो, सभी के चेहरों पर मुस्कान बनी रहे। श्री सिंह ने कंपनी के कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओवर बर्डेन निष्कासन के साथ–साथ अपने सी.एस.आर कार्यक्रम के तहत किए जा रहे तथा किए जाने वाले कायाकल्प योजनाओं के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला एवं कहा कि इन सभी योजनाओं के कार्यान्वयन के परिणाम काफी सुखद रहे हैं और दूसरी कंपनियां भी इसे अपना रही हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 'सीसीएल के लाल', भुरकुंडा में आई.टी.आई., मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, पिपरवार में 78 ड्रॉपआउट बच्चों को निःशुल्क शिक्षा का अवसर एवं डी.ए.वी. विद्यालय की शुरूआत, 241 लोगों को वाहन चालन का प्रशिक्षण, 615 को टेलरिंग का प्रशिक्षण, मोबाईल रिपेयरिंग एवं अन्य का प्रशिक्षण 1325 लोगों को दिया गया। साथ ही 280 लोगों को कंप्यूटर का प्रशिक्षण और उन्नत कृषि के लिए 150 किसानों को प्रशिक्षण सीसीएल द्वारा दिया गया है।

सी.सी.एल. द्वारा स्वास्थ्य, स्वावलंबन, पेयजल एवं सुनिश्चित सिंचाई के लिए भी कई योजनाऐं चलाई गई है जिनका भरपूर लाभ आने वाले दिनों में मिलेगा।

श्री सिंह ने बताया कि सीसीएल में भू–विस्थापितों के कल्याण के लिए 'पहल' नामक एक योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा स्वप्न है कि सीसीएल जीरो ग्रिवान्स कंपनी बने। श्री सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में सीसीएल के 12515 श्रमिकों को पदोन्नति मिली है तथा 1182 ग्रामीणों को सीसीएल में नई नौकरी मिली है। सीसीएल के दो निदेशक, सीएमडी बने हैं, तथा 09 महाप्रबंधक, निदेशक बने हैं।

अपने संबोधन में श्री सिंह ने ओल्ड ऐज होम खोलने की भी योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वच्छ विद्यालय अभियान के तहत् 6455 स्कूलों में 11820 शौचालय का निर्माण सीसीएल द्वारा कराया गया है।

निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र ने मुख्यालय तथा गांधीनगर केंद्रीय अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया तथा सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। श्री महापात्र ने गांधीनगर अस्पताल के मरीजों के बीच फल एवं मिठाईयाँ का वितरण भी किया।

## "विश्व आदिवासी दिवस" मनाया गया




सीएमडी श्री गोपाल सिंह विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए

विगत 09 अगस्त, 2015 को "विचार मंच" में "विश्व आदिवासी दिवस" के अवसर पर समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यालय के अलावा सीसीएल के क्षेत्रों में भी यह दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि सी.एम.डी., श्री गोपाल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान बिरसा मुण्डा पर पुष्प माल्यार्पण कर विश्व आदिवासी दिवस का शुभारंभ किया। इस विशेष अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती वन्दना टेटे एवं प्रख्यात हॉकी खिलाड़ी श्री सिलवानुस डुंगडुंग, श्री मनोहर टोप्पो उपस्थित थे। श्रीमती अनीता राणी लिंडा, अधिवक्ता, सी.सी.एल. के मुख्य–महाप्रबंधक (सुरक्षा व बचाव) श्री सुमित घोष तथा मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मी अपने परिवार के साथ उपस्थित थे।

इस विशेष अवसर पर सी.एम.डी. सी.सी.एल. श्री गोपाल सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने पुरखों द्वारा दी गई संस्कृति, नैतिक मूल्यों को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। श्रीमती वंदना टेटे ने विस्तार से पारंपरिक आदिवासीयों की संस्कृति के बारे में जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान जन जागृति समिति–नामकुम एवं सीसीएल मुख्यालय टीम ने पारंपरीक सामूहिक नृत्य, गीत–संगीत की प्रस्तुति दी। श्रीमती किशोरी लकड़ा ने आदिवासी भाषा में कविता प्रस्तुति की। गुमला की स्तंभ नामक संस्था द्वारा कलाकृतियों की पर्दशनी "विचार मंच" में लगाई गई थी जिसे सभी ने सराहा।

मंच संचालन श्री के.एम. टूडु, स्वागत भाषण श्री एल.एन. लकड़ा तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक श्री वी.एन. प्रसाद ने किया।

## मुख्यालय में अलग तरह से सक्षम खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट मैच

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त, 2015 को मुख्यालय स्थित मैदान में अलग तरह से सक्षम रांची रेड एवं रांची ग्रीन टीमों के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ, जिसमें रांची रेड ने 20 रनों से जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के प्रारंभ में मुख्य अतिथि सीसीएल सी.एम.डी. श्री गोपाल सिंह ने बल्ले से शॉट लगाकर और साथ ही आसमान में गुब्बारे उड़ाकर मैच का शुभारंभ किया।

खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार सी.सी.एल. की जे.सी.एस.सी. के सम्मानित सदस्यों ने प्रदान किया, जबकि विजेता एवं उपविजेता टीम को सी.एम.डी. सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने ट्रॉफी प्रदान की।

इस अवसर पर सी.सी.एल. के निदेशक (वित्त) श्री डी.के .घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (योजना/परियोजना) श्री सुबीर चन्द्रा, महाप्रबंधक (कल्याण) श्री वी.एन. प्रसाद एवं अन्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

## मरीजों का निःशुल्क ईलाज

विगत 12 अगस्त, 2015 को कंपनी के निगमित समाजिक दायित्व (सी.एस.आर.) कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सेमरटोली एवं लालखटंगा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर के चिकित्सकों की टीम द्वारा ग्राम लालखटंगा में विगत 10 अगस्त को 71 तथा 11 अगस्त को ग्राम सेमरटोली में 135 (कुल–206) जरूतमंद मरीजों को निःशुल्क ईलाज तथा दवाईयां उपलब्ध कराई गई।


सम्पादक : दीपक कुमार, प्रबंधक (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : निशा रंजन, सहायक प्रबंधक (कार्मिक), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)